RNI Title-Code :- RAJBIL27027
www.nagaurdaily.com
Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 233 | नागौर, 28 जुलाई, 2022 (गुरूवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## सुप्रीम कोर्ट ने पीएमएलए के तहत ईडी की गिरफ्तारी और जांच की शक्ति को बरकरार रखा

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के कई प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ईडी की जांच, गिरफ्तारी, संपत्ति की कुर्की की शक्तियों को बरकरार रखा। कड़े पीएमएलए कानून के तहत गिरफ्तारी, जमानत देने, संपत्ति जब्त करने का अधिकार दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के दायरे से बाहर है। निर्णय महत्वपूर्ण है क्योंकि यह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई जांच शक्तियों, गवाहों को सम्मन, गिरफ्तारी और जब्ती और पीएमएलए कानून के तहत जमानत प्रक्रिया से संबंधित कई मुद्दों को संबोधित करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विधेय अपराध में प्राथमिकी दर्ज नहीं होना ईडी की जांच के आड़े नहीं आता। अदालत ने कहा ईडी अधिकारी सीआरपीसी के तहत पुलिस अधिकारी नहीं हैं। ईडी अधिकारियों के सामने दर्ज बयान सबूत के तौर पर मान्य हैं। विधेय अपराध की प्रकृति या वर्ग का समय पर कोई असर नहीं पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में किसी आरोपी को हिरासत में लेते समय ईडी अधिकारियों के लिए गिरफ्तारी के आधार का खुलासा करना अनिवार्य नहीं है।

# अर्पिता चटर्जी के घर फिर मिला 15 करोड़ कैश

## अभी गिनती जारी, 4 दिन पहले भी मिले थे 21 करोड़ रु. नकद और 1 करोड़ की ज्वेलरी

कोलकाता.

पश्चिम बंगाल में शिक्षक घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) को अर्पिता चटर्जी के घर एक बार फिर बड़ा कैश मिला है। बुधवार को हुई छापेमारी में अब तक 15 करोड़ रुपए की गिनती हो चुकी है। जांच एजेंसी की निगरानी में अभी भी कैश की काउंटिंग जारी है। नोट गिनने के लिए तीन मशीनें लगाई गई हैं। इसके अलावा बड़ी मात्रा में ज्वेलरी भी मिली है।

### अब तक 36 करोड़ रुपए कैश बरामद

बता दें कि 23 जुलाई को भी श्वष्ठ ने मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी के ठिकानों पर छापा मारा था। अर्पिता के घर 21 करोड़ रुपए कैश और 1 करोड़ रुपए की ज्वेलरी मिली थी। 500 और 2000 रुपए के नोटों के ढेरों बंडल को एक कमरे में झोले और बैग में ठूंस-ठूंस कर रखा गया था। एजेंसी को दस्तावेज भी मिले थे।

इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। कुल मिलाकर अब तक अर्पिता के घर से 36 करोड़ कैश रिकवर किए जा चुके हैं। कैश की गिनती अभी भी जारी है। इसके अलावा भारी संख्या में ज्वेलरी भी मिली है। जिनका आंकलन किया जा रहा है।

### बुधवार को पांच ठिकानों पर हुई छापेमारी

श्वष्ठ ने बुधवार को मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी के ठिकानों पर फिर छापा मारा। रिपोर्ट्स के मुताबिक पार्थ और अर्पिता के 5 ठिकानों पर श्वष्ठ ने छापा मारा है। श्वष्ठ की टीम ने कोलकाता और उसके आसपास पांच जगहों, उत्तर 24 परगना जिले के बेलघरिया और राजडांगा में बने अर्पिता के ऑफिस, रिश्तेदारों के घर और बाकी फ्लैट्स पर भी छापा मारा।



## मिथुन चक्रवर्ती का दावा- टीएमस के 38 विधायक बीजेपी के संपर्क में

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जांच एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमलावर है, वहीं प्रदेश की विपक्षी पार्टी ने ममता बनर्जी को बड़ा झटका देने की तैयारी कर ली है। भाजपा नेता ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी के 38 विधायक हमारे संपर्क में हैं। आपको बता दें कि समय-समय पर तृणमूल कांग्रेस की तरफ से यह दावा किया जाता रहा है कि भाजपा के कई नेता और विधायक उनके संपर्क में हैं लेकिन इस बार ठीक वैसा ही दावा किया है।

भाजपा नेता और अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के 38 विधायक भाजपा के संपर्क में हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 38 में से 21 विधायक सीधे उनके संपर्क में हैं।

## कांग्रेस सांसदों ने महंगाई, जीएसटी और निलंबन के मुद्दे पर संसद परिसर में धरना दिया



नयी दिल्ली।

कांग्रेस सांसदों ने महंगाई, कई खाद्य वस्तुओं को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लिए जाने का विरोध और अपने चार लोकसभा सदस्यों का निलंबन रद्द करने की मांग करते हुए बुधवार को संसद भवन परिसर में धरना दिया। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी तथा पार्टी के कई अन्य सांसदों ने संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष धरना दिया। मानसून सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किए गए चार लोकसभा सदस्यों मणिकम टैगोर, टीएन प्रतापन, ज्योतिमणि और राम्या हरिदास ने 'रघुपति राघव राजा राम...' भजन गाकर अपना विरोध जताया। उन्होंने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं जिन पर कई खाद्य वस्तुएं के दाम लिखे हुए थे। कांग्रेस के कई सांसदों ने सदस्यों का निलंबन वापस लेने की मांग करते हुए नारेबाजी की।

लोकसभा में विभिन्न मुद्दों पर हंगामे के दौरान तख्तियां दिखाकर प्रदर्शन करने और आसन की अवमानना करने के मामले में सोमवार को कांग्रेस के चार सदस्यों मणिकम टैगोर, टी एन प्रतापन, ज्योतिमणि और राम्या हरिदास को चालू सत्र की शेष अवधि के लिए सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया था।

## संजय सिंह राज्यसभा से सस्पेंड


### आप सांसद पर सदन में हंगामा करने पर कार्रवाई

नई दिल्ली.

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को बुधवार को राज्यसभा से सस्पेंड कर दिया गया। उन पर सदन में मंगलवार को नारेबाजी करते हुए चेयरमैन के आसन पर पेपर फेंकने का आरोप है। बुधवार को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने संजय सिंह को इस हफ्ते की बची हुई कार्यवाही के लिए निलंबित करने की घोषणा की। इस हफ्ते मानसून सत्र में हंगामा करने वाले राज्यसभा के 20 और लोकसभा के 4 सांसदों पर निलंबन कार्रवाई की जा चुकी है। राज्यसभा से से निलंबित किए गए सभी 20 सांसदों ने संसद में स्थित गांधी प्रतिमा के पास धरना देने का निर्णय लिया है। यह सभी सांसद 50 घंटे तक बारी-बारी धरना देकर अपने निलंबन का विरोध करेंगे।

### ध्वनिमत से पास हुआ निलंबन का प्रस्ताव

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने आप नेता के निलंबन की घोषणा करते हुए कहा कि मंगलवार को उन्होंने सदन की कार्यवाही के दौरान कुर्सी पर कागज फेंका। सिंह का निलंबन संसदीय मामलों के कनिष्ठ मंत्री वी. मुरलीधरन द्वारा कदाचार और सदन और पीठ के



अधिकार की पूर्ण अवहेलना के लिए एक प्रस्ताव के बाद किया गया था। यह प्रस्ताव ध्वनिमत से किया गया। बता दें, संसद का मानसून सत्र 18 जुलाई को शुरू हुआ और 12 अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान 18 बैठकें होंगी।

### राज्यसभा में मंगलवार को राज्यसभा के 19 सांसदों पर हुई थी कार्रवाई

मौजूदा मानसून सत्र में इस हफ्ते अब तक 20 राज्यसभा सांसद निलंबित हो चुके हैं। बुधवार को संजय सिंह निलंबित किए गए, इससे पहले मंगलवार को 19 सांसदों को एक हफ्ते के लिए सस्पेंड किया गया। मंगलवार को विपक्ष ने त्रस्ज्ञ और महंगाई पर हंगामा किया था। हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही पहले एक घंटे और फिर दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी।

# सोनिया से ईडी की पूछताछ खत्म, नया नोटिस नहीं दिया

नई दिल्ली।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को 3 घंटे पूछताछ की। ईडी ने उन्हें अब तक कोई नया नोटिस नहीं दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईडी ने सोनिया से पूछा कि यंग इंडिया के लेन-देन से जुड़ी कितनी बैठकें आपके घर 10 जनपथ पर हुईं।

मंगलवार को भी जब ईडी ने उनसे कंपनियों के लेन-देन के बारे में सवाल किया तो सोनिया ने जवाब दिया- कांग्रेस, एसोसिएट जर्नल और यंग इंडियन से जुड़े सभी लेनदेन पूर्व कोषाध्यक्ष मोतीलाल वोरा देखते थे।

बुधवार को पूछताछ के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देशभर में प्रदर्शन किया। संसद भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे



कांग्रेस के कई सांसदों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। कांग्रेस मुख्यालय के बाहर महिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को सुरक्षाबलों ने उठा-उठाकर बसों में भरा। इस दौरान उनकी सुरक्षा बलों से झड़प भी हुई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि देश को पुलिसिया स्टेट में बदल दिया है। सोनिया से ईडी की पूछताछ खत्म होने के बाद दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिए गए सभी सांसदों को रिहा कर दिया।

### 3 दिन में 12 घंटे सवाल, 5 दिन का ब्रेक भी मिला

पहली बार सोनिया 21 जुलाई को ईडी दफ्तर पहुंची थीं, यहां उनसे 3 घंटे पूछताछ हुई। इसके बाद 5 दिन का ब्रेक मिला। इसके बाद ईडी ने उन्हें 26 जुलाई को बुलाया गया और 6 घंटे तक सवाल किए। फिर बुधवार को ईडी ने सोनिया को पूछताछ के लिए बुलाया, यहां एजेंसी ने उनसे 3 घंटे पूछताछ हुई। कुल 12 घंटे हुई पूछताछ के दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किए गए हैं।

## गहलोत सरकार में गधा-बकरा चोर गैंग को संरक्षण : राजेन्द्र सिंह राठौड़

जयपुर.

जयपुर के चाकसू विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक वेदप्रकाश सोलंकी के जयपुर पुलिस पर चोरी का बकरा 2 हजार रुपए में किसी और को बेचने के आरोप लगाने पर सियासत गरमा गई है। उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने गहलोत सरकार को घेरते हुए ट्ववीट कर कहा- राजस्थान के मेवाड़ में बकरा चोर गैंग और हनुमानगढ़ में गधा चोर गैंग का आतंक अभी कम नहीं हुआ कि अब जयपुर में पुलिस ने चोरी किए गए बकरे को बेचकर एक नया कीर्तिमान रच डाला। जनसुनवाई के दौरान सत्तारुढ़ दल के विधायक की ओर से पुलिस पर बकरा चोरी को लेकर आरोप लगाये गए हैं। ऐसा लगता है गहलोत सरकार में सबसे बड़ा संरक्षण गधा चोर और बकरा चोर गैंग को मिला



हुआ है। इस घटना से विधानसभा में मेरे लगाए गए आरोप भी प्रमाणित हो गए हैं। सरकार को चाहिए कि वह गधा चोर निवारण प्रकोष्ठ और बकरा चोर निवारण प्रकोष्ठ बनाए। राठौड़ ने कहा- 20वीं पशु गणना के मुताबिक साल 2012 में गधों की संख्या 81 हजार 468 थी। जो साल 2019 में घटकर 23 हजार 374 रह गई, यानी 71.31% की कमी हुई। वहीं बकरी की संख्या साल 2012 में 21.67 मिलियन थी।

## सोनिया गांधी की ईडी से पूछताछ के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन सच्चाई को छुपाने का प्रयासः नड्डा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ के विरोध में किए जा रहे प्रदर्शनों को लेकर बुधवार को प्रमुख विपक्षी पार्टी पर करारा हमला बोला और कहा कि वह एक परिवार को देश तथा कानून से ऊपर समझती है। ईडी ने ''नेशनल हेराल्ड'' अखबार से जुड़े कथित धनशोधन के एक मामले में पूछताछ के लिए बुधवार को तीसरी बार कांग्रेस अध्यक्ष को तलब किया है। इसके विरोध में कांग्रेस के नेता देश भर में ''सत्याग्रह'' कर रहे हैं।

## ईडी का आतंक, जहां मन हो घुस जाती है : सीएम गहलोत

जयपुर.

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोनिया गांधी से पूछताछ के मामले में केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। साथ ही गहलोत ने महंगाई और बेरोजगारी को मुख्य मुद्दा बताया है। गहलोत ने कहा- ईडी का जो तमाशा हो रहा है ऐसा सुना नहीं होगा। सोनिया गांधी को ईडी ने तीसरी बार बुलाया है, आगे पता नहीं कब तक बुलाएंगे। देश में आज ईडी का आंतक है। उन्होंने कहा कि ईडी के मुकदमों में आधा फीसदी में भी सजा नहीं हो पाई तो आप समझ सकते हैं। इनके मुकदमों की हालत क्या है। गहलोत कांग्रेस मुख्यालय? दिल्ली में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

गहलोत ने कहा- ईडी सीआरपीसी के प्रोसिजर को नहीं अपनाती। ईडी का पूछताछ करने का, अरेस्ट करने का और छापे डालने का अपना ही तरीका है। जहां इनकम टैक्स की इच्छा होती है। वहां पहुंच जाती है। वहां ईडी भी घुस जाता है। ईडी को सीबीआई से ज्यादा पावर मिली हुई है।

### ईडी से सरकार गिरा सकते हैं मंत्रिमंडल नहीं बना सकते

गहलोत ने कहा- ईडी का उपयोग सरकारें गिराने में किया जा रहा है। महाराष्ट्र में आपने देखा। ईडी से सरकारें तो गिरा सकते हैं, लेकिन मंत्रिमंडल नहीं बना सकते। मंत्रिमंडल ईडी की मदद से नहीं बन सकते, महाराष्ट्र में 28 दिन से मंत्रिमंडल नहीं बना है, केवल सीएम और डिप्टी सीएम ही राज चला रहे हैं। लोकतंत्र किस दिशा में जा रहा है।



## जोधपुर में बारिश का कहर, 24 घंटे से फंसे लोग

### मकान ढहने से महिला की मौत; स्कूल दूसरे दिन भी बंद

जोधपुर.

राजस्थान में इस साल बारिश से कई रिकॉर्ड टूट रहे हैं। राज्य के कई शहरों में पानी ने जमकर तबाही मचाई है। इसमें सनसिटी जोधपुर का नाम सबसे आगे है। यहां बीते 24 घंटे में हुई बारिश ने 15 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

पानी से मची तबाही का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि हजारों लोग पानी के बीच फंसे हैं और दो दिन में छह लोगों की मौत भारी बरसात के कारण हो चुकी है। जिला प्रशासन का कहना है कि शहर की 30 से ज्यादा कॉलोनियां पानी में डूबीं हैं और बारिश अभी भी जारी है। इस कारण नुकसान का ठीक अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है।

दरअसल, जोधपुर में सोमवार शाम 7 बजे से शुरू हुआ बारिश का दौर बुधवार को भी जारी है। हालांकि, बरसात की स्पीड कुछ कम जरुर हुई है। इससे पहले भारी बारिश के चलते लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। वहीं, 4 ट्रेनों के रूट भी प्रभावित हैं। पिछले 24 घंटे में सवा पांच इंच से ज्यादा पानी जोधपुर शहर में बरसा है।



जिला प्रशासन ने किया निरीक्षण

### महिला की मौत

इधर, मंगलवार देर रात हुई बारिश के दौरान शहर के खेतानाड़ी में पहाड़ी पर बना एक मकान अचानक से ढह गया। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खेतानाड़ी एरिया में पहाड़ी पर अयाज अली (45) का मकान अचानक ढह गया। इस हादसे में उसकी पत्नी रमजाना बानो (40), बेटी तमन्ना बानो (18) और 13 साल का लड़का हसन अली दब गए। इस हादसे में अयाज के बेटे हसन को हल्की चोट आई। वहीं, तीनों को शहर के महात्मा गांधी अस्पताल ले जाया गया। यहां रमजान बानो की मौत हो गई। इससे पहले मंगलवार को दिन में भी पांच लोगों की मौत हुई थी।

## गुजरात में जहरीली शराब से अब तक 57 की मौत

भावनगर.

गुजरात के बोटाद जिले में जहरीली शराब पीने से अब तक 57 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 15 लोग गंभीर रूप से बीमार हैं। सोमवार को इस केस में 10 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने देर रात शराब बनाने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक मुख्य आरोपी ने पूछताछ में बताया कि शराब फैक्ट्री में मेथनॉल की आपूर्ति की जा रही थी। ये केमिकल अहमदाबाद से सीधे सप्लाई किया जाता था। इधर, जिले के प्रभारी मंत्री वीनू मोरदिया ने कहा है कि दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री वीनू मरोदिया ने कहा कि ये घटना दुखद है और शर्मनाक। हम इसकी जांच करेंगे कि शराबबंदी के बावजूद राज्य में शराब कैसे और कौन बेच रहा है?

## देश में कोविड-19 के 18,313 नए मामले, 57 और लोगों की मौत

नयी दिल्ली।

भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 18,313 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,39,38,764 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,45,026 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 57 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,26,110हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,45,026 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.34 प्रतिशत है।

पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 2,486 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.47 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 4.31 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.57 प्रतिशत है। देश में अभी तक 87.36 करोड़ से अधिक नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 4,25,337 नमूनों की जांच पिछले 24 घंटे में की गई।

देश में अभी तक कुल 4,32,67,571 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.2 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान



के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 202.79 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे।

## सम्पादकीय

# शराब का कहर

**गुजरात** के बोटाद जिले में पिछले दो दिनों के भीतर जहरीली शराब से अट्ठाईस लोगों की मौत की घटना दहला देने वाली है। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि शराबबंदी के बावजूद राज्य में जहरीली शराब का धंधा जारी है। हालांकि पुलिस ने इस मामले में चौदह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने और कुछ लोगों को गिरफ्तार करने की बात भी कही है। भले पुलिस इसे अपनी बड़ी उपलब्धि मान रही हो, लेकिन सबसे ज्यादा सवालों के घेरे में तो वही है। सवाल है कि अब तक क्या पुलिस सो रही थी? इस कांड में सात गांवों के लोग मारे गए।

करीब पचास लोग गंभीर रूप से बीमार हैं। यह दर्दनाक घटना बता रही है कि भले राज्य सरकार ने शराबबंदी लागू कर रखी हो, लेकिन वह सिर्फ कागजों में ही है। जबकि हकीकत यह है कि शहरों से लेकर गांव-कस्बों तक में जहरीली शराब का कारोबार बेरोकटोक चल रहा है। ऐसे में शराबबंदी जैसे उपाय और कानून का क्या मतलब रह जाता है? जाहिर है, ये सब केवल दिखावे के लिए हैं और सच्चाई यह है कि लोग जहरीली शराब से मर रहे हैं।

बोटाद जिले की इस घटना ने एक बार फिर सरकार और पुलिस प्रशासन को कठघरे में खड़ा कर दिया है। इसलिए कि इससे पहले जब-जब ऐसी घटनाएं हुई हैं, उनसे कोई सबक नहीं लिया गया। जैसा कि पुलिस बता रही है कि इस जिले के रोजिद गांव में जहरीली शराब बनाने का काम चल रहा था। इसके लिए मिथाइल अल्कोहल अमदाबाद से लाया जाता था। लेकिन हैरत की बात यह है कि पुलिस को आज तक इसकी भनक भी नहीं लगी! इससे पता चलता है कि राज्य की पुलिस कैसे काम कर रही है? उसका खुफिया तंत्र कितना लचर है जिसको यह भी पता नहीं कि जिलों से लेकर गांवों में चल क्या रहा है।

ऐसा भी नहीं कि अवैध शराब का कारोबार केवल एक ही गांव में चल रहा होगा! अगर यह कांड नहीं हुआ तो यह धंधा चलता रहता। जैसी कि खबरें आई हैं, जिस गांव में यह हादसा हुआ है, उस गांव के सरपंच ने पुलिस को गाव में चल रहे शराब के अवैध कारोबार के बारे में शिकायत भी की थी, लेकिन पुलिस ने उन्हें ही थाने में बुला कर धमका दिया था। जाहिर है, बिना पुलिस और शराब माफिया की मिलीभगत के इस तरह के गैरकानूनी धंधे चल नहीं सकते।

याद किया जाना चाहिए कि जुलाई 2009 में भी जहरीली शराब से अहमदाबाद में एक सौ तीस से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। इसके पहले 1989 में राज्य के वड़ोदरा शहर में भी जहरीली शराब ने एक सौ बत्तीस लोगों की जान ले ली थी। छोटी-मोटी घटनाओं की तो गिनती भी नहीं हो सकती। बहुत से मामले तो उजागर भी नहीं हो पाते। लेकिन इतने बड़े-बड़े जहरीली शराब कांडों के बाद भी अगर सरकारें ऐसे अवैध धंधों को रोक नहीं पाती हैं तो इसे घोर नाकामी, लाचारी और बेशर्मी से ज्यादा क्या कहा जाए? अगर माफिया और अवैध धंधे करने वालों को राजनीतिक और पुलिस संरक्षण के आरोप लगते हैं तो वे बेवजह नहीं लगते। जब-जब ऐसे बड़े कांड हुए, तब-तब विशेष जांच दल से लेकर बड़े जांच आयोग भी बने। सबने अपनी रिपोर्ट भी दीं। लेकिन किसी भी गंभीरता के साथ काम हुआ हो, ऐसा लगता नहीं। वरना न तो शराब माफिया और पुलिस का गठजोड़ कायम रह पाता और न ही भविष्य में ऐसी दुखद घटनाएं फिर से हो पातीं। इसलिए बोटाद जिले की इस घटना ने 'गुजरात माडल' पर एक बार फिर प्रश्नचिह्न लगाया है।

# डिजिटल शासन की चुनौतियां

**आज डिजिटल सेवाएं अपेक्षाकृत कम जटिल और अधिक प्रभावी तो हैं, मगर डिजिटल शासन की सफलता के लिए मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार करना जरूरी है। सरकार के समस्त कार्यों में प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग ई-शासन कहलाता है, जबकि न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन, प्रशासन में नैतिकता, जवाबदेही, उत्तरदायित्व की भावना व पारदर्शिता दक्ष सरकार के गुण हैं, जिसकी पूर्ति डिजिटल शासन के बगैर संभव नहीं है। पड़ताल बताती है कि डिजिटल शासन की रूपरेखा पांच दशक पुरानी है। हालांकि उस दौर में शासन डिजिटल तो नहीं था, मगर इलेक्ट्रानिक विधा के अंतर्गत आधारभूत व्यवस्था को सुसज्जित करने का प्रयास शुरू हो चुका था। गौरतलब है कि इलेक्ट्रानिक विभाग की स्थापना 1970 में हुई थी और 1977 में राष्ट्रीय सूचना केंद्र के साथ ई-शासन की दिशा में पहला उठा कदम था। ई-शासन को बढ़ावा देने की दिशा में 1987 में प्रक्षेपित उपग्रह आधारित कंप्यूटर नेटवर्क (एनआइसीएनईटी) एक क्रांतिकारी कदम था। इसका मुखर पक्ष 1991 के उदारीकरण के बाद देखने को मिलता है। साल 2006 में राष्ट्रीय ई-शासन योजना के प्रकटीकरण के बाद डिजिटल शासन का स्वरूप व्यापक रूप में सामने आया और इसी कड़ी में एक जनवरी 2015 को डिजिटल इंडिया योजना शुरू हुई।**

**भारत** में हर पांचवां व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे है और हर चौथा नागरिक अशिक्षित है। समझने वाली बात यह भी है कि किसी के पास मोबाइल होना डिजिटल हो जाने का प्रमाण नहीं है, जब तक कि उसके पास इंटरनेट आदि की सुविधा व जानकारी न हो। प्रौद्योगिकी मानवता के लिए बड़ी धरोहर और संपदा है। जब देश में डिजिटल शासन की बात होती है तो नए प्रारूप और एकल खिड़की संस्कृति मुखर हो जाती है। नागरिक केंद्रित व्यवस्था के लिए सुशासन प्राप्त करना एक लंबे समय की दरकार रही है। ऐसे में डिजिटल शासन इसका बहुत बड़ा आधार है। यह एक ऐसा क्षेत्र है और एक ऐसा साधन भी है जिससे नौकरशाही तंत्र का समुचित प्रयोग कर व्याप्त कठिनाइयों को दूर किया जा सकता है। देखा जाए तो नागरिकों को सरकारी सेवाओं की आपूर्ति और प्रशासन में पारदर्शिता की वृद्धि के साथ व्यापक नागरिक भागीदारी के मामले में डिजिटल शासन कहीं अधिक प्रासंगिक है। डिजिटल शासन चुस्त और सुव्यवस्थित ई-सरकार का ताना-बाना है। प्रौद्योगिकी वही अच्छी होती है जो जीवन आसान करती हो, जनोपयोगी नीतिगत अर्थव्यवस्था को सुनिश्चित करती हो और संतुलन कायम रखने में कमतर न हो। डिजिटल शासन के तीन मुख्य क्षेत्रों में प्रत्येक नागरिक की सुविधा के लिए बुनियादी ढांचा, शासन व मांग आधारित सेवाएं तथा नागरिकों का डिजिटल सशक्तिकरण जैसे लक्ष्य शामिल है। डिजिटल शासन शासन में दक्षता को बढ़ाता है। इसमें लोग, प्रक्रिया, प्रौद्योगिकी व संसाधन एक स्तंभ के रूप में शुमार होते हैं। गौरतलब है कि डिजिटल इंडिया भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में परिवर्तित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया अभियान है।



भारत में 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के दिन से ही पंचवर्षीय योजनाओं और कई कार्यक्रमों के जरिए जन सशक्तिकरण के प्रयास शुरू हो गए थे। विदित हो कि सुशासन लोक सशक्तिकरण का पर्याय है। डिजिटल शासन इस दिशा में एक ऐसा उपकरण है जो योजनाओं को पारदर्शी तरीके से जनता तक परोसता है। भारत की पृष्ठभूमि में झांका जाए तो लगभग सात दशकों में विभिन्न आयोगों ने सुशासन और लोक संसाधनों के बेहतर प्रशासनिक प्रबंधन के बारे में अनुशंसाएं दी हैं जो डिजिटल शासन के माध्यम से कहीं अधिक ताकत के साथ और अधिक उपयोगी सिद्ध हो रही हैं। प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग (1966-70) ने सचिव स्तर से लेकर वित्तीय एवं योजना व विकेंद्रीकरण तक कई सुधार प्रस्तावित किए। 1964 की के. संथानम रिपोर्ट के आधार पर भारतीय सतर्कता आयोग का गठन भ्रष्टाचार से निपटने के एक उपाय के रूप में परिलक्षित हुआ, जो मौजूदा समय में डिजिटल शासन के माध्यम से और मजबूती से सामने आया है। डिजिटल शासन भ्रष्टाचार से निपटने और पारदर्शिता हासिल करने का एक अच्छा माध्यम साबित हो रहा है। भारत में डिजिटल शासन के समक्ष चुनौतियां भी कम नहीं हैं। और ये चुनौतियां केवल तकनीक से संबंधित ही नहीं हैं, बल्कि संगठनात्मक और संस्थात्मक के अलावा समावेशी विकास लक्ष्य हासिल करने और सतत विकास को बनाए रखने से भी जुड़ी हैं। गौरतलब है कि डिजिटल शासन के लिए किए जाने वाले उपाय महंगे होते हैं। इनकी अवसंरचना में बिजली, इंटरनेट, डिजिटल उपकरण आदि बुनियादी सुविधाओं का यदि अभाव बना रहता है तो चुनौतियां बरकरार रहेंगी। जाहिर है, इन पर भारी निवेश की जरूरत है। सरकार के समस्त कार्यों में प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग ही ई-शासन कहलाता है। किसानों के खाते में सम्मान निधि का हस्तांतरण डिजिटल शासन का ही एक उदाहरण है। ई-शिक्षा, ई-बैंकिंग, ई-टिकट, ई-सुविधा, ई-अस्पताल, ई-याचिका और ई-अदालत सहित ऐसे तमाम उदाहर हैं जो शासन को सुशासन की ओर ले जाते हैं। देश में साढ़े छह लाख गांव और ढाई लाख पंचायतें हैं, जहां बिजली और इंटरनेट से जुड़ना आज भी एक आम समस्या है। नवंबर 2021 तक पूरे देश में मोबाइल ग्राहकों की संख्या लगभग एक सौ बीस करोड़ थी। साल 2025 तक भारत में इंटरनेट उपयोग करने वालों की तादाद नब्बे करोड़ हो जाएगी। मौजूदा समय में डिजिटलीकरण को सफल अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों की साझा कड़ी होनी चाहिए। नोटबंदी के बाद से ही सरकार डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में जुट गई। इसी क्रम में डिजिटल इंडिया, ई-शासन जैसे मिशन तेज कर दिए गए। साल 2024 तक भारत को पांच लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा गया है। डिजिटलीकरण की चुनौतियां जैसे-जैसे कम होंगी, वैसे-वैसे अर्थव्यवस्था भी बढ़ेगी। भारत डिजिटल सेवा क्षेत्र में बढ़ रहे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए एक बड़ा ठिकाना भी है। इसकी सबसे बड़ी वजह यहां की जनसंख्या है जिसमें नए उद्यमों के लिए भरपूर संभावनाएं हैं। विगत कुछ वर्षों में निजी और सरकारी सेवाओं को डिजिटल रूप प्रदान किया गया है। मगर समझने वाली बात यह भी है कि किसी के पास मोबाइल होना डिजिटल हो जाने का प्रमाण नहीं है, जब तक कि उसके पास इंटरनेट आदि की सुविधा व जानकारी न हो। एसोचैम की रिपोर्ट बताती है कि नीतियों में अस्पष्टता व ढांचागत कठिनाइयों के कारण महत्त्वाकांक्षी डिजिटल परियोजना का सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित करने में कई चुनौतियां हैं। उदाहरण के लिए, बार-बार नेटवर्क का टूटना एक आम समस्या है। गौरतलब है कि पिछले साल जून में भारत सरकार के आयकर विभाग ने अपनी वेबसाइट का प्रारूप बदला था और ग्राहकों को दी गई समय सीमा के कई दिनों तक वेबसाइट काम नहीं कर पा रही थी। इस तकनीकी गड़बड़ी के चलते कामकाज प्रभावित हो रहे थे।

## व्यापार समाचार

### मारुति का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 1036 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली।

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया इंडिया (एमएसआई) का चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 1,036 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी ने कोविड-19 से प्रभावित वित्त वर्ष 2021-22 की अप्रैल-जून तिमाही में 475 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एमएसआई ने बुधवार को बयान में कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल बिक्री बढ़कर 26,512 करोड़ रुपये हो गई, जो




इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 17,776 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि 2021-22 की पहली तिमाही में उसका प्रदर्शन महामारी के कारण प्रभावित हुआ था। ऐसे में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही से समान आधार पर नहीं हो सकती। मारुति ने जून तिमाही के दौरान 4,67,931 वाहनों की बिक्री की। एक साल पहले की इसी अवधि में कंपनी ने 3,53,614 वाहन बेचे थे। बयान के अनुसार, घरेलू बाजार में कंपनी की बिक्री चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 3,98,494 इकाई की रही। इस दौरान कंपनी ने 69,437 वाहनों का निर्यात किया। मारुति सुजुकी का एकल आधार पर शुद्ध लाभ आलोच्य तिमाही में बढ़कर 1,013 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एक साल पहले की इसी तिमाही में यह 440 करोड़ रुपये था।

### शीर्ष नौ शहरों में जून तिमाही में घरों के दाम 15 प्रतिशत तक बढ़े

नई दिल्ली।

देश के नौ प्रमुख शहरों में इस साल अप्रैल-जून तिमाही के दौरान घरों की औसत कीमतों में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। डेटा विश्लेषण कंपनी प्रॉपइक्विटी की एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक, इन शहरों में चेन्नई में आवास मूल्य सबसे ज्यादा 15 प्रतिशत तक बढ़ा है। चेन्नई में भारित औसत मूल्य जून तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़कर 6,744 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गया। एक साल पहले पहले की समान अवधि में यह 5,855 रुपये प्रति वर्ग फुट था। गुरुग्राम और हैदराबाद में आवास कीमतें 12 प्रतिशत बढ़कर क्रमशः 11,517 रुपये प्रति वर्ग फुट और 6,472 रुपये प्रति वर्ग फुट पर पहुंच गईं।









## आज का राशिफल

### मेष
विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में रखेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में प्रतियोगी वातावरण रहेगा। इसमें से बाहर आने का प्रयत्न सफल साबित होगा। नए काम करने के लिए प्रेरित होंगे।

### वृषभ
मन की दुविधा के कारण ठोस निर्णय लेने में परेशानी होगी। शर्मीले व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। लेखक, कारीगर, कलाकारों को अपने कौशल प्रदर्शन का अवसर मिलेगा।

### मिथुन
आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। मित्रों तथा सगे-संबंधियों के साथ मिलकर उत्तम भोजन का आनंद लेंगे। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त होने से आप अधिक खुश होंगे।

### कर्क
शरीर और मन में बेचैनी तथा अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा के कारण आपकी निर्णय शक्ति प्रभावित होगी। विशेष रूप से परिजनों के साथ मनमुटाव का प्रसंग बनने से मन में उदासी बढ़ेगी।

### सिंह
आज आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन की कमजोरी आपको लाभ से वंचित न कर दें, इसका ख्याल रखना पड़ेगा। नौकरी, व्यवसाय में पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

### कन्या
आज का दिन शुभ फलदायी है। नए काम की अच्छी शुरुआत कर पाएंगे। व्यापार एवं नौकरीपेशा लोगों के लिए भी समय बहुत अच्छा है। व्यापार में लाभ एवं नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होने की संभावना है।

### तुला
किसी लंबी दूरी या धार्मिक स्थल की यात्रा होगी। विदेश यात्रा भी हो सकती है। संतान और स्वास्थ्य को लेकर आपको चिंता रहेगी। नौकरी पेशावालों को आज अधिकारियों तथा सहकर्मियों का सहयोग नहीं मिलेगा।

### वृश्चिक
आज अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कफ, सांस या पेट की परेशानी हो सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा। किसी भी अनैतिक और सरकार विरोधी कामों से दूर रहें अन्यथा आप मुसीबत में आ सकते हैं।

### धनु
आपका आज का दिन सुख-शांति में व्यतीत होगा। मित्रों के साथ दिन अच्छा गुजरेगा। स्वादिष्ट भोजन तथा नए कपड़े प्राप्त होंगे। किसी खास व्यक्ति के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। आज आपके विचार स्थिर नहीं रहेंगे।

### मकर
आज आपके व्यापार, धंधे में खूब सफलता मिलेगी, परंतु कानूनी मामलों में सावधानी बरतें। व्यापार, धंधे को लेकर बनाई योजनाएं सफलतापूर्वक संपन्न होंगी। किसी के साथ पैसों का लेन-देन सफलतापूर्वक पूरा होगा।

### कुंभ
आज अपनी बौद्धिक शक्ति से लेखन और सृजनात्मक कार्य अच्छी तरह से पूरे कर सकेंगे। आपका विचार किसी एक बात पर स्थिर नहीं रहेगा तथा उसमें लगातार परिवर्तन होता रहेगा। महिलाएं अपनी वाणी पर काबू रखें।

### मीन
मकान और वाहन आदि के दस्तावेजों को अत्यंत संभालकर रखना होगा। पारिवारिक माहौल न बिगड़े, इसके लिए वाद-विवाद टालें। माता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। धन प्रतिष्ठा की हानि हो सकती है।

# शहीदों का बलिदान रहेगा याद : केसाराम हुड्डा



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** पूर्व सैनिक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष केसाराम हुड्डा के नेतृत्व में सैनिक स्कूल लाडनूँ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुड्डा ने कहा कि शहीदों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी बदौलत की जनता चैन की नींद सोती है लेकिन वो रातों को जागकर हमारी सरहदों पर रक्षा करते हैं। शहीद का बलिदान अविस्मरणीय होता है उनके बाद उनके परिवारों को भी वही मान सम्मान मिलता रहे ऐसी व्यवस्था के लिए सरकार से मांग की जाएगी। इस मौके पर शहीद मूलाराम ऑफसेट निम्बीजोधां में मनाया गया समाजसेवी हरिराम खीचड़ ने पूर्व सैनिकों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि पेश की। इस अवसर पर शहीद की वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी हरीराम खीचड़, ज्ञानसिंह चौधरी, शिवनारायण कासनियां, रीना स्वामी, सुमित्रा रलिया, संजीव पुनियां, रामनारायण बेड़ा, बलदेवाराम, किस्तुराम, हिम्मताराम खीचड़ आदि ने वीर गाथाओ का स्मरण किया।

# प्राथमिकता के आधार पर होंगे राजस्व कार्य : जांगिड़

**भेरुन्दा उप तहसील में नायब तहसीलदार ने किया पदभार ग्रहण**

जुगल किशोर



**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** बुधवार को भेरुन्दा उप तहसील मुख्यालय पर नए नायब तहसीलदार उत्तमचंद जांगिड़ ने अपना पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा की उनकी प्राथमिकता है कि तहसील क्षेत्र में आमजन के राजस्व कार्य तत्परता से हो और सुविधा पूर्वक संपन्न हो। प्राथमिकता के आधार पर कार्यों को निपटाया जाएगा शिकायत का मौका नहीं देंगे। तहसील में लंबित शासकीय प्रकरणों के निराकरण में जल्द ही तेजी लाएंगे। लोगों को सुविधाएं मिलें, ऐसे प्रयास किए जाएंगे। बार-बार तहसील कार्यालय में ग्रामीणों को आकर परेशान नहीं होना पड़े, उन्हें ऐसी सुविधाएं प्रदान करने के लिए जल्द ही बैठक करके कार्य योजना बनाई जाएगी। इस दौरान विभिन्न संगठनों ने उनका अभिनंदन किया।

# नेत्रदाता भारतीपाल के परिवार का व्यक्त किया साधुवाद



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** भारतीपाल जोशी का नेत्रदान करवाने पर उनके परिवार का लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट एवं महावीर इंटरनेशनल ने साधुवाद व्यक्त किया। क्लब अध्यक्ष लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत, संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, संरक्षक लॉयन पवन जैन, उपाध्यक्ष लॉयन आशीष जैन, लॉयन मुरलीधर गोयल, महावीर इंटरनेशनल के जोन कोषाध्यक्ष सुभाष पहाड़ीया, अध्यक्ष कैलाश पांड्या, सचिव रामअवतार गोयल, अशोक अजमेरा, बंसीलाल कांसोटिया, मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष मोहम्मद शकील, लॉयन शरद भोमराजका, लॉयन डॉ पवन शर्मा, लॉयन सुरेश सिखवाल, सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष घनश्याम गौड़, युवा अध्यक्ष विमल पारीक, रविन्द्र खरीट, गिरिराज खरीट, कमल गौड़, मुस्लिम महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रफीक खान ने भारतीपाल के भाई राजेश जोशी, मनीष जोशी एवं परिवार को साधुवाद पत्र प्रदान कर कहा जोशी परिवार द्वारा की गई इस अनूठी निष्काम सेवा के प्रति संस्था परिवार नतमस्तक है तथा आपने यह पुनीत कार्य कर समाज में परोपकार की एक मिसाल कायम की है निश्चित रूप से इस नेक कार्य से समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# लॉयन्स क्लब ने वितरण किए नजर के चश्मे



सहदेव चौधरी

नावांसिटी(नागौर डेली न्यूज) : सैनी भवन गौरज चौक में सफल आंखों के आपरेशन वाले रोगियों को चश्मे वितरण किए गए। लॉयन एडवोकेट मोहन लाल कुमावत ने बताया कि जून माह में आंखों के आपरेशन का केम्प सैनी भवन गौरज चौक में रखा गया था, जिसमें कुछ रोगियों को दवाई दी गई तथा पन्द्रह रोगियों को आपरेशन योग्य मानकर शंकरा आई हास्पिटल में सफल आपरेशन किया गया। रोगियों की जांच कर बुधवार को चश्मे वितरित किए गये। लॉयन शोभा गौड़ ने बताया कि किसी की आंखों को रोशनी देने से जो शुकून मिलता है, उसके अहसास को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। इस अवसर पर सफल आपरेशन वाले रोगियों के साथ साथ लायन कुसुम लढा, लॉयन शोभा गौड़, लॉयन कैलाश लढा, लॉयन एडवोकेट मोहन लाल कुमावत आदि मौजूद रहे।

# सांसे हो रही है कम, आओ पेड़ लगाए हम : देवीलाल

## न्यू मॉडर्न स्कूल में कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को 750 से अधिक जामुन के पौधे किए वितरित

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के आसपुरा रोड स्थित न्यू मॉडर्न एज्यूकेशन ग्रुप कुचामनसिटी द्वारा संचालित न्यू मॉडर्न सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में बुधवार को कक्षा 9 से 12वीं के समस्त विद्यार्थियों को एक-एक जामुन का पौधा वितरित किया गया। इस मौके पर न्यू मॉडर्न ग्रुप चेयरमैन देवीलाल दादरवाल ने बताया कि आज संस्था द्वारा 750 से अधिक जामुन के पौधे वितरित कर 'सेल्फी विद माई प्लांट' मुहिम को कल हरियाली अमावस्या के दिन सफल बनाने के लिए विद्यार्थियों व अभिभावकों को प्रेरित किया एवं पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला। ग्रुप चेयरमैन दादरवाल ने कहा कि यदि हमें पर्यावरण को स्वच्छ बनाना है तो सभी क्षेत्रवासियों को मिलकर इस प्रकार की मुहिम के लिए अन्य लोगों सभी अभिभावकों व स्टॉफगण सभी को प्रेरित करें। ताकि घर -घर में कल हरियाली अमावस्या के अवसर पर पौधे लगाए व इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी का संकल्प लेवे।

**पौधे धरती का श्रृंगार : मदनलाल :** प्रधानाचार्य मदनलाल ने पौधों को धरती का श्रृंगार बताया और कहा कि नियमित रूप से पौधों की देखभाल करने करने से ही पौधा फलता-फूलता है।

मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार ने कहा है कि हर इंसान को अपने जन्मदिन, शादी इत्यादि उत्सव पर प्रतिवर्ष एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर प्रबंधक सदस्य सुरेश कुमार, बाबूलाल, राधेश्याम, आशीष, प्रकाशचंद गुर्जर, यादराम बैरवा, कृष्णगोपाल, सुमित्रा, रामेश्वर चौधरी एवं समस्त स्टाफ गण उपस्थित रहे।

# खेत के बाहर खड़ी बाइक चोरी

महबूब खोखर

**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचेरा थाना क्षेत्र के सिंधलास में खेत के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई।

वार्डपंच मनोहर पंडित ने जानकारी में बताया कि सिंधलास निवासी कालूनाथ पुत्र सावंतनाथ अपनी बाइक को खेत के बाहर खड़ा करके अपने खेतों में गया था जैसे ही वह वापिस लौटा तो उसने देखा कि उसकी बाइक वहाँ नहीं थी।

इसके बाद उसने आसपास पता किया लेकिन बाइक नहीं मिली। बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# स्काउट व गाइड स्थानीय संघ का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ कुचामनसिटी का वार्षिक अधिवेशन बुधवार को प्रात: 11 बजे मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश राय ने की। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उपासना पारीक, उपप्रधान राम काबरा, विकास जैन, सुनिल कुमार माथुर, सन्दर्भ व्यक्ति लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, सुरेश कुमार सोनी एवं विनोद आचार्य आदि मंचस्थ थे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ ईश वंदना एवं प्रार्थना से किया गया परिचय सत्र के प्रश्चात स्थानीय संघ के सचिव रामेश्वरराम भाकर ने पूरे संघ द्वारा पूरे वर्ष में किए गए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा कोषाध्यक्ष मोहम्मद शकील ने वर्षभर के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर ग्रीष्मकालीन अवकाश में आयोजित कौशल एवं अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को व कार्मिकों को सम्मानित किया। संयुक्त सचिव भागीरथ महला ने जनवरी माह में होने वाली स्काउट गाइड जम्बूरी जो पाली में होने वाली है के लिए ऑनलाइन पंजीयन के लिए प्रेरित किया तथा संयुक्त सचिव गाइड सुनीता बडगूजर ने स्काउट व गाइड की गतिविधियों व इस सत्र में किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

**ये रहे मौजूद**

वार्षिक अधिवेशन की व्यवस्था करने में गगनप्रीत कौर, छीतरमल कुमावत, हुकमाराम गोदारा आदि ने सहयोग किया। अधिवेशन में प्रधानाचार्य केसर सिंह खीचड़, बाबूलाल जांगिड़, मंजू चौधरी, मोहन मंडा, सीताराम, प्रद्युमन शर्मा, राजेन्द्र कुमार मुवाल, रेखा शर्मा, मुलाराम, गोविन्द लाल मडावरिया सहित ब्लॉक के कई संस्था प्रधान एवं प्रशिक्षित स्काउट व गाईड ने भाग लिया।

# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय अल्पसंख्यक विद्यालय की दी जानकारी

मोहम्मद शहजाद



**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के मेवलिया बड़ में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राजस्थान सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नि:शुल्क संचालित कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय अल्पसंख्यक विद्यालय की आमजन को जानकारी दी गई। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया की इस विद्यालय में कक्षा 6 से 8 में निशुल्क प्रवेश के साथ बालिकाओं को आधारभूत सामग्री ड्रेस, जूते, मौजे, तौलिया, साबुन, रुमाल एंव आवश्यकता अनुसार अन्य सामग्री दी जाती है। इस छात्रावास में अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, अल्पसंख्यक, बीपीएल की 10 से 14 वर्ष की बालिकाएं प्रवेश ले सकती है। विद्यालय में 110 बालिकाओं में से 66 बालिकाओं के प्रवेश हो चुके है। प्रधानाचार्य अब्दुल वहीद खिलजी ने बताया की आवासीय बालिका विद्यालय में बालिकाओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें तथा स्टेशनरी, भोजन, मनोरंजन हेतु एल ई डी, सिलाई व ब्यूटी पार्लर कोर्स महिला शिक्षिका द्वारा दिए जाते है। बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, किशोरी बाल मेला एवं विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाता है। इस दौरान बालिकाओं ने विद्यालय में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। इस मौके पर समाजसेवी फूलचंद परेवा, प्रवेश प्रभारी आमना बानो, वार्डन पुष्पा चौधरी, कस्तुरबा गांधी की हैड मास्टर रेणू, कंप्यूटर ऑपरेटर परवीन, परमेश्वरी, विजयलक्ष्मी, समीना परवीन, रेखा सहित छात्राए व अन्य मौजूद थे।

# आसपुरा रोड पर जल भराव की समस्या का समाधान नहीं होने ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**नगर परिषद ने दो दिन में समस्या के समाधान का दिया आश्वासन**

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामनसिटी के आसपुरा रोड पर न्यू मॉर्डन स्कूल के सामने जल भराव की समस्या का समाधान नहीं होने पर बुधवार को आसपुरावासियों का धैर्य जवाब दे गया। ग्रामीणों ने आरएलपी पार्टी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान आरएलपी नेता भूराराम शेषमां, चांदपुरा सरपंच परसा राम राठी, खारिया सरपंच देवीलाल दादरवाल, सुरेश, आसपुरा युवा मंडल अध्यक्ष गोविन्द नारायण स्वामी, आरएलपी नेता राजू राम राठी, रंजीत पोषक, गौतम खीचड़, मुकेश खीचड़, रूपाराम खीचड़, दयाल राठी, किसना राम मेगवाल, पप्पू सिंह, नेमाराम मेघवाल आदि युवाओं ने रास्ता जाम कर नगरपालिका के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता रफीक खान नेता ने नगर सभापति से बात कर लोगो की समस्या से अवगत करवाया। सभापति ने कहा कि वे आज जयपुर हैं तथा दो दिन के अंदर काम करवाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर जल्द ही उग्र आन्दोलन की चेतावनी दी।



# हज यात्रा से लौटने पर किया इस्तकबाल

महबूब खोखार



**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** हज का मुकद्दस सफर पर जाने वाले पवित्र तीर्थ स्थल मक्का मदीना की हज यात्रा करके बुधवार को लौटे हाजियों का समीपस्थ गोटन कस्बे वासियों ने फूल और माला पहना कर जोरदार स्वागत किया।

शेर मोहम्मद धनापा ने बताया कि इस वर्ष गोटन कस्बे से धनापा निवासी चार हज यात्री गुलाब मोहम्मद उनकी पत्नी हुरमत बानो और अजीज मोहम्मद और उनकी माता मांगू बानो हज के लिए गए थे। ये हज यात्री 40 दिन की यात्रा कर बुधवार को सुबह मंडोर एक्सप्रेस से गोटन पहुंचने पर ग्रामवासियों ने फूल 1 माला पहना कर इस्तकबाल किया। हाजियों ने हिंदुस्तान की तरक्की और मुल्क में अमन भाईचारगी की दुआएं मांगी। इस अवसर पर सुन्नी एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष बरकत खान, कारी आफताब आलम, हाजी कमरुद्दीन, हाजी निशार, राजुखान, सतार जी खोखर, फिरोजखान,अहमद, शरीफ, अशरफ, राजुभाई, सलीम, फारुख, अकबर, सद्दाम हुसैन आदि मौजूद रहे।

# भामाशाह ने किया कन्या विद्यालय को वाटर कूलर भेंट



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** स्थानीय केशर देवी सेठी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में दानदाता मोहम्मद ईसहाक ने वाटर कूलर भेंट किया है। प्रधानाचार्य ओम शंकर गर्वा के अनुसार एसडीएमसी सदस्य जलालुद्दीन सोलंकी की प्रेरणा से मोहम्मद ईसहाक ने वाटर कूलर, पानी की मोटर व दो पंखे विद्यालय को भेंट किये हैं। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से भामाशाह व प्रेरक का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया।गर्वा ने कहा कि इस प्रकार भामाशाह व प्रेरक सहयोग करते रहेंगे तो विद्यालय में किसी संसाधन की कमी नहीं रहेगी।उन्होंने भामाशाह व प्रेरक के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में एसडीएमसी सदस्य वाइस चैयरमेन मुकेश खींची, मास्टर जब्बार खान, पार्षद सत्तार खान, पार्षद मनसब खान, पार्षद नौसाद अली, ज्यान मोहम्मद भुट्टा, मोहम्मद ज्यान सोलंकी तथा विद्यालय स्टाफ विजय सिंह चौहान, आंचल चौधरी, कृष्ण गोपाल राठी, परमेश्वरी, पूनम चौधरी, वेद प्रकाश, दयाराम मारोठिया, प्रेमलता, सरोज बाला, रीना शर्मा, संतोष स्वामी, भंवर लाल मंडा, पवन मंडा, भवानी शंकर, संतोष कंवर, विमला देवी उपस्थित रहे।

# लोमरोड नगर अध्यक्ष व भाम्बु बने मंत्री

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डेगाना इकाई का अभ्यास वर्ग रविवार को डेगाना शहर मे संपन्न हुआ। इस दौरान एबीवीपी जिला संयोजक रामप्रसाद सिरोही व नगर मंत्री शेखर भाकल पूर्वज जिला संयोजक धर्मेन्द्र ईनाणा द्वारा डेगाना संगठन कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें सर्वसम्मति से धर्मेन्द्र लोमरोड को डेगाना नगर अध्यक्ष व धनराज भाम्बु को नगर मंत्री बनाया गया। इस मौके पर मुकेश डूडी राकेश फूलफगर, खुशवंत सिंह, अजय, मुकेश, महेंद्र, अभिषेक, प्रदीप सहित कार्यकर्ताओं को संगठन कार्यकारिणी का हिस्सा बनाया गया।

# शिक्षा से ही उन्नति संभव : सी.पी. जोशी

जयपुर।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने कहा कि देश व समाज में शिक्षा के माध्यम से ही उन्नति एवं तरक्की संभव है। उन्होंनें कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा अवश्य दिलायें, जिससे वे जीवन में आगे बढ़कर देश प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी. पी. जोशी बुधवार को राजसमंद जिले की देलवाडा पंचायत समिति के कोटड़ी गांव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के क्रमोन्नयन होने के अवसर पर उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वे बच्चे जिनके माता पिता शिक्षित हैं, जीवन में सरलता के साथ जागरूक रह कर आगे बढ़ सकते है। लेकिन जिनके माता-पिता शिक्षित नहीं वे पीछे रह जाते है व दूसरों पर निर्भर रहते हैं।

# दिनेश मुंडेल होंगे सम्मानित

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** उत्कर्ष क्लासेज, जोधपुर के निदेशक डॉ निर्मल गहलोत द्वारा पूरे राजस्थान से 13 शिक्षकों को चयनित किया गया जो वाकई में शिक्षा क्षेत्र में शानदार कार्य कर रहे है। इन चयनित 13 शिक्षकों को जोधपुर के सालावास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निर्मल गहलोत द्वारा बनाये गये 21 लाख के स्मार्ट कक्ष के शिलान्यास में मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया। दिनेश मुंडेल को वहाँ शिक्षक संत की उपाधि से सुशोभित किया जायेगा। गौरतलब है कि मूण्डवा निवासी दिनेश मुंडेल ने अपनी मेंहनत, बाबा साहब सेवा समिति और भामाशाहों के सहयोग से मर्ज होने वाली स्कूल को 225 के नामांकन तक पहुँचा दिया।

# कठोती-जायल में जुनियर बालक-बालिका कब्बडी प्रतियोगिता 31 से

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** नागौर जिला कब्बडी संघ के तत्वावधान में नागोर जिला स्तरीय जुनियर बालक-बालिका कब्बडी प्रतियोगिता 31 जुलाई से कब्बडी शहीद मूलाराम स्टेडियम कठोती जायल के खेल मैदान पर आयोजित की जा रही है। संघ के सचिव मोहम्मद युसुफ के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जल्दी ही कटौती शारीरिक शिक्षक मोतीराम व पूर्व शारीरिक शिक्षक भंवरु खान डेगाना से संपर्क कर टीमों की एंट्री करवा सकते हैं।

# आक्रोश : सरपंच संघ ने सौंपा ज्ञापन, सरकार पर लिखित समझौते की पालना नहीं करने का आरोप, ग्राम सभाओं का किया बहिष्कार

इलियास खान



**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान सरपंच संघ ने राज्य सरकार पर लिखित समझौते की पालना नहीं करने से वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए बुधवार को उपखंड कार्यालय पर नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए रियांबड़ी सरपंच संघ अध्यक्ष हरसुख राम ककडावा के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी गौरीशंकर शर्मा के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा।

सरपंच संघ की समस्त मांगे ग्रामीण क्षेत्र के विकास व जनता के हित से जुड़ी है।

जिन पर निर्णय नहीं होने से ग्रामीण जनता का विकास पूरी तरह अवरुद्ध हो रहा है।

वहीं नागौर दौरे के तहत ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री रमेश चंद मीणा द्वारा 300 करोड़ के घोटाले पर बयानबाजी को लेकर राजस्थान सरपंच संघ ने सरपंचों के खिलाफ ऐसी बयानबाजी से अपमान हुआ है। जिससे प्रदेश के सभी सरपंचों मे भारी रोष व्याप्त हो गया है।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर सरपंच संघ अध्यक्ष हरसुख राम ककडावा सहित बिजाथल सरपंच संग्राम सिंह बोरानियो , चावंडिया सरपंच भैरोसिंह राजपुरोहित, जड़ाऊ सरपंच प्रतिनिधि रामस्वरूप, सेंसडा सरपंच प्रतिनिधि नेमाराम, रियांबड़ी सरपंच गिरधारी लाल सैनी सरपंच गण मौजूद रहे।

## सरपंचों ने फूंका मंत्री रमेश मीणा का पुतला

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** बुधवार को यहां पंचायत समिति मुख्यालय पर सरपंच संघ ने राजस्थान सरकार के पंचायती राजमंत्री का पुतला सरपंच संघ द्वारा फूंका गया। यहां पंचायत समिति मुख्यालय पर मंत्री रमेश मीणा का पुतला बनाया गया। मंत्री के विरोध मे नारेबाजी करते हुए सरपंच संघ ने मंत्री का पुतला फूंका। सरपंचों का कहना था कि पूर्व में सरकार के साथ सरपंच संघ का लिखित समझौता हुआ था जिसके सम्बन्ध में आज तक आदेश पारीत नहीं हुए है। सरकार के सरपंच संघ के साथ वादाखिलाफी की है। दुसरी ओर पंचायत राजमंत्री द्वारा ग्राम पंचायतों में करवाये जा रहे कार्यो पर अनियमितता एवं घोटालों का आरोप लगाये जाने से सरपंच संघ आहत है। जिससे सरपंचों में भारी आक्रोश एवं निराशा है।

**यह रहे उपस्थित :** इस दौरान सरपंच संघ से रामनिवास जेठू, पुखराज काला, शोभाराम जेठू, विजेन्द्र भाक, शिवकरण धोलिया, लालाराम, रामावतार, नारायणराम, त्रिभुवनसिंह, पप्पुराम फिड़ौदा, जगदीश खोजरा, श्यामसुंदर, मनफूलसिंह, पांचाराम, श्यामसुंदर सांगवा, सीताराम, महिपाल, रूपाराम सहित अन्य सरपंच एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सरपंचों ने धरना देकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान सरपंच संघ के आह्वान पर मकराना उपखण्ड कार्यालय के सामने सरपंचगणों द्वारा सांकेतिक धरना देकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। राजस्थान सरपंच संघ के आव्हान पर मकराना उपखंड के सरपंचों ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार के वर्तमान पंचायती राज मंत्री रमेशचंद मीणा पर नाराजगी जताई है। इसको लेकर मकराना उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी जेपी बैरवा को मुख्यमंत्री के नाम का एक ज्ञापन सौंपा। आगामी 5 अगस्त को जयपुर में विशाल आंदोलन सभी सरपंचों के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान जुसरी सरपंच प्रकाश भाकर, प्रेमाराम, दलीपसिंह राठौड़, उगमाराम रांडा, नरेन्द्र सिंह राठौड़, श्रमणराम रलिया, महावीर कुकना सहित अन्य पंचायत के सरपंचगण एवं सरपंच प्रतिनिधि मौजूद थे।

## सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में सरपंच संघ

### ग्राम सभाओं का बहिष्कार कर सौंपा ज्ञापन



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** सरपंच संघ के तत्वावधान में तहसील स्तर पर ग्राम सभाओं का बहिष्कार कर मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी अनिल गढ़वाल को ज्ञापन सौंपा गया। अध्यक्ष गणेशराम चबराल के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि पंचायत राज विभाग एवं सरकार के द्वारा सरपंच संघ से पंचायत राज मंत्री के साथ 21 मार्च 2022 को हुई वार्ता के पश्चात समझोते में जिन मांगों पर सहमति बनी थी। उनके आदेश आज तक जारी नहीं किये गए हैं। हाल ही में मंत्री रमेश मीणा के नागौर दौरे के दौरान नरेगा में अनियमितताओं व घोटालों के आरोपों के कारण सरपंच संघ आहत है। उन्होंने मांग की है कि सरकार द्वारा किये गए समझोते के आधार पर आदेश जारी नहीं किये गए तो आगामी दिनों में समस्त सरपंचगण आंदोलनात्मक कार्यवाही करेंगे। जिसमें ग्राम पंचायतों पर होने वाली ग्राम सभा का बहिष्कार, मुख्यमंत्री का पूतला दहन व सांकेतिक धरना प्रदर्शन शामिल होगा। इसके अलावा 1 अग्रस्त को जिला स्तर पर व 5 अग्रस्त को जयपुर मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन के दौरान सरपँच संघ से मनोज गेनाणा, सरपँच मूलसिंह छप्पारा, सीमा यादव दुजार, सुमन खीचड़ निम्बीजोधां, चम्पालाल मेघवाल मंगलपुरा, हरेन्द्र गढ़वाल लाछड़ी, धापुदेवी मेघवाल चन्द्राई, जनक कंवर घिरड़ोदा मीठा, सुधीर चोटिया सांवराद, मंजूदेवी बाकलिया आदि शामिल रहे ।

## नावां विधानसभा क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात विकास कार्यों के लिए 9.32 करोड़ स्वीकृत

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नावां विधानसभा क्षेत्र को एक बार फिर बड़ी सौगात मिली है। उपमुख्य सचेतक व स्थानीय विधायक महेन्द्र चौधरी के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 9.32 करोड़ रूपयों की स्वीकृति प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की गई है। टीम महेंद्र चौधरी के आईटी सेल प्रभारी गिरधारी महला ने बताया कि विधायक महेन्द्र चौधरी ने हॉल ही में कुचामन शहर में 70 करोड़ रूपयों के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया था तथा अभी 2 दिन पहले ही नावां विधाननसभा की विभिन्न सड़कों के लिए 10 करोड़ रूपयों का बजट पास करवाया था। बुधवार को एक बार फिर महेन्द्र चौधरी 9.32 करोड़ रुपए खींच लाने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार कुकनवाली-इंडाली-हरिपुरा -भांवता 13.80 किमी सड़क के लिए 561.36 लाख रूपये तथा चौसला -गुढ़ा साल्ट-



जाब्दीनगर-नावां रोड करीब 8.50 किमी सड़क के लिए 372.06 लाख रूपयों की स्वीकृति मिली है।

## आरपीएससी : सहायक आचार्य कॉलेज शिक्षा के साक्षात्कार 16 अगस्त से

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग), 2020 के विभिन्न पदों हेतु साक्षात्कार 16 अगस्त से 25 अगस्त 2022 तक आयोजित किए जाएंगे। सचिव श्री एचएल अटल ने बताया कि सहायक आचार्य गृह विज्ञान (बाल विकास) तथा (शिक्षा विस्तार) के साक्षात्कार 16 अगस्त 2022 को एवं सहायक आचार्य- अंगेजी के साक्षात्कार 22 अगस्त से 25 अगस्त 2022 तक आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी अपने समस्त मूल- प्रमाण पत्र मय फोटो प्रति अवश्य साथ लाएं। इनके अभाव में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन की पालना भी करनी होगी।

## धूमधाम से मनाया पूर्व सांसद मिर्धा का 50वां जन्मदिन



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूंडवा तहसील के निकटवर्ती खेण गांव के ग्रामीणों ने नागौर की पूर्व सांसद डॉ ज्योति मिर्धा का 50 वां जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया। ग्रामीण गणपत रणवीर ईनाणिया प्रकाश राजु ने बताया कि मंगलवार रात को गांव के सन्त श्री बारहपुरी महाराज चौक में पूर्व सांसद मिर्धा का जन्मदिन मनाया । ग्रामीणों ने बताया कि स्थल को लाइट व गुब्बारों से सजाया गया।

मिर्धा का बड़ा पोस्टर लगाया महिलाओं ने गांव के आराध्य व ईष्ट बारहपुरी महाराज के साथ अन्य देवी देवताओं के मंगल गीत गाए व मिर्धा के दीर्घायु होने की कामना की। ईनाणा पंचायत के पूर्व सरपंच ओमप्रकाश ईनाणिया के साथ छोटी बच्चियों ने जन्मदिन का केक काटा। गोरतलब है कि मिर्धा ने दशक पूर्व अपने सांसद कार्यकाल में अम्बुजा सीमेंट कम्पनी से खेण की 132बीघा गोचर व अंगोर छुड़वाने तथा रेलपटरियों के पास पचास फीट का रास्ता दिलाने में तन मन धन से सहयोग दिया था।

इस दौरान पूर्व सरपंच ओमप्रकाश ईनाणिया, रामनिवास, मुल्तानराम, सीताराम, सेठ पूनाराम, राधाकिशन, रूघाराम, हरीराम भाणु, जगदीश, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## मेड़तासिटी के मीरा स्मारक के प्रवेश द्वार पर स्थापित होगी मेड़ता के शासक वीर राव दूदा की मूर्ति

### मीरा स्मारक के प्रांगण में बैठक का हुआ आयोजन

सुशील दिवाकर



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी के ऐतिहासिक मीरा स्मारक के प्रवेश द्वार पर मेड़ता के संस्थापक राव दूदा की विशाल मूर्ति स्थापित की जाएगी। इसी को लेकर आज मेड़तासिटी के मीरा स्मारक में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जयपुर के पुरातत्व विभाग के उपनिदेशक प्रभा शर्मा सहित ही राजपूत मेड़तिया समाज के लोग यहां पर मौजूद रहे। इस बैठक के दौरान मूर्ति के स्थापित होने वाली जगह का चयन किया गया इसके साथ ही अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। राजपूत समाज के दिलीप सिंह बच्छवारी ने बताया की मूर्ति का कार्य लगभग पूरा हो चुका है जल्दी विधिवत रूप से कार्यक्रम आयोजित कर मीरा स्मारक के प्रवेश द्वार पर मूर्ति की स्थापना की जाएगी इस अवसर एसडीएम पुरण कुमार सेन ,सत्यदेव साधू, अभय सिंह भेसड़ा,नंद कुमार अग्रवाल ,चंद्र प्रकाश बिड़ला ,मच्छराज सिखवाल, नवनीत सोनी, कैलाश गोंड मौजूद रहे।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com